web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 22 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 294

# द्रौपदी मुर्मू ने जीता राष्ट्रपति चुनाव, यशवंत सिन्हा की बड़े अंतर से हुई हार, आदिवासी महिला बनेंगी महामहिम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** द्रौपदी मुर्मू देश की अगली राष्ट्रपति होंगी। आज सुबह शुरू हुई मतगणना के नतीजे आ गए हैं। जिसमें उन्हें बड़ी जीत हासिल हुई है। हालांकि अभी औपचारिक ऐलान बाकी है। विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के मुकाबले उन्हें दो तिहाई के करीब वोट मिले हैं। देश के पहले आदिवासी नेता के तौर पर राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू को बधाई देने वालों का तांता शुरू हो गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। जानकारी मिल रही है कि कुछ देर में पीएम मोदी उनके घर पहुंचेंगे और बधाई देंगे।

**पहले राउंड में ही दो तिहाई से ज्यादा मिले द्रौपदी को वोट-** पहले राउंड की गिनती में द्रौपदी मुर्मू को 748 में से 540 वोट मिले थे। इसके अलावा यशवंत सिन्हा को 208 मत हासिल हुए थे। कुल 748 मत पहले राउंड में वैध पाए गए थे, जिनका मूल्य 5 लाख 23 हजार 600 है। इनमें से 540 वोट द्रौपदी मुर्मू को हासिल हुए थे, जिनका मूल्य 3,78,000 है। वहीं यशवंत सिन्हा पहले ही राउंड में बड़े अंतर से पिछड़ गए थे। उन्हें कुल 208 वोट ही मिले थे, जिनका मूल्य 1,45,600 ही आंका गया।

**दूसरे राउंड में द्रौपदी मुर्मू की बढ़त और बढ़ी-** द्रौपदी मुर्मू की जो बढ़त पहले राउंड में थी, वह दूसरे चरण की मतगणना में और ज्यादा बढ़ गई। दूसरे राउंड की मतगणना तक कुल 1886 वैध मतों की गिनती की गई, जिनमें से 1349 वोट द्रौपदी मुर्मू को हासिल हुए। इसके अलावा यशवंत सिन्हा को मिलने वाले वोटों की संख्या 537 रही। दूसरे चरण की मतगणना तक द्रौपदी मुर्मू के वोटों का मूल्य 4,83,299 था, जबकि यशवंत सिन्हा को मिले वोटों का मूल्य 1,89,876 ही रह गया। इस तरह पहले चरण से ही द्रौपदी मुर्म ने बड़ी बढ़त को कायम रखा।



**विपक्ष के सांसदों की क्रास वोटिंग-** भाजपा ने दावा किया है कि पहले दौर में सांसदों की वोटिंग के दौरान विपक्ष के नेताओं ने क्रास वोटिंग की।भाजपा ने तर्क दिया कि उन्हें पहले राउंड में 523 वोट की उम्मीद थी लेकिन मिले 540 वोट।

**आदिवासी संथाल जनजाति से आती हैं द्रौपदी मुर्मू-** द्रौपदी मुर्मू का जन्म ओडिशा के मयूरभंज जिले में 20 जून, 1958 को संथाल जनजाति में हुआ था। मुर्मू के पिता बिरंची नारायण टुडू जिले के बालदापोसी गांव के एक किसान थे। मुर्मू ने अपनी स्नातक की पढ़ाई भुवनेश्वर के रमादेवी महिला कॉलेज से की थी। इसके बाद उन्होंने श्री अरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन एंड रिसर्च रायरंगपुर में सहायक प्रोफेसर के रुप में काम करना शुरू किया। यहां उनकी पहचान एक मेहनती शिक्षक के तौर पर थी।

**हादसे में हो गई पति और दोनों बेटों की मौत-** मुर्मू ओडिशा के सिंचाई विभाग में जूनियर सहायक के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। मुर्मू की शादी श्याम चरण मुर्मू से हुई थी और उनके दो बेटे और एक बेटी थी। लेकिन कुछ समय बाद ही एक हादसे में उन्होंने अपने पति को खो दिया। इसके बाद अलग-अलग हादसों में उनके दोनों बेटों की भी मौत हो गई। उनकी बेटी इतिश्री रांची में रहती हैं और उन्होंने झारखंड के गणेश हेम्ब्रम से शादी की है।

**पहली बार में ही जीता विधानसभा चुनाव-** मुर्मू ने 1997 में भाजपा में शामिल होकर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की। ओडिशा के रायरंगपुर जिले में आदिवासियों के लिए आरक्षित सीट पर वो 1997 में पहली बार पार्षद चुनी गईं। मुर्मू ने अपना पहला विधानसभा चुनाव 2000 में रायरंगपुर से जीता और राज्य सरकार में वाणिज्य और परिवहन मंत्रालय संभाले। तब राज्य में बीजू जनता दल और भाजपा के गठबंधन की सरकार थी।

**देश की पहली आदिवासी महिला राज्यपाल रही हैं मुर्मू-** 2000 में ही मुर्मू को परिवहन विभाग से हटा कर मत्स्य पालन और पशुपालन विभाग दिया गया और भाजपा ने उन्हें अपना जिला अध्यक्ष बनाया। 2009 में उन्होंने फिर से रायरंगपुर विधानसभा से चुनाव जीता था। 2010 में दूसरी बार और 2013 में तीसरी बार मुर्मू को भाजपा ने अपना जिला अध्यक्ष बनाया। 2015 में द्रौपदी मुर्मू को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया। वह देश की पहली आदिवासी महिला राज्यपाल थीं।

**लोक अदालत का आयोजन कर किया 5000 मामलों का निपटारा-** मुर्मू ने राज्यपाल के अपने कार्यकाल के दौरान कई बार राज्य सरकार के फैसलों पर सवाल उठाए, लेकिन हमेशा संवैधानिक गरिमा और शालीनता का ध्यान रखा। उन्होंने अपने कार्यकाल में उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर लोक अदालतों का आयोजन करके शिक्षकों और विश्वविद्यालयों से जुड़े लगभग 5,000 मामलों को सुलझाया। उन्होंने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया को केंद्रीकृत करने के लिए चांसलर पोर्टल भी बनवाया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### टोल प्लाजा से जा टकराई एंबुलेंस, हादसे में एंबुलेंस सवार तीन लोगों की मौत

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के उडुपी जिले के कुंडापुर तालुक इलाके में टोल प्लाजा में तेज रफ्तार एंबुलेंस के पलटने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई. 20 जुलाई की शाम को घटित घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. एंबुलेंस होन्नावेर से मरीज लेकर कुंडापुर जा रही थी. इस दौरान गाड़ी के ड्राइवर के नियंत्रण खोने के साथ टोल प्लाजा से जा टकराई. हादसे में एंबुलेंस में सवार तीन लोगों की मौत होने की खबर है. पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह से टोल प्लाजा के कर्मी तेज रफ्तार एंबुलेंस को देखकर बैरियर को हटाने के लिए दौड़ रहे हैं, वहीं रास्ते में एक गाय भी बैठी नजर आ रही है. हादसा कितनी भयानक था इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एंबुलेंस के पलटते ही उसमें सवार मरीज गाड़ी के बाहर आगे चलकर पलट जाती है. इसमें एंबुलेंस में मौजूद सवार गाड़ी से बाहर फेंका जाता है. वहीं गाड़ी का विंडशील्ड भी निकल जाता है, जिसमें से ड्राइवर बाहर फेंका जाता है. ट्विटर पर वीडियो देखकर तर्क दिया जा रहा है कि शायद एंबुलेंस का ब्रेक फेल हो गया था, वहीं दूसरे यूजर देरी से टोल खोलने के लिए टोल कर्मियों को दोषी ठहरा रहे हैं, तो कुछ लोग टोल में बैठी गाय को एक्सीडेंट की वजह बता रहे हैं.

### पाकिस्तान के सिंधु नदी में डूबे 26 लोगों के शव बरामद, 23 और लापता लोगों की तलाश जारी

**इस्लामाबाद ।** सिंधु नदी से तीन और शव मिलने के साथ ही पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सादिकाबाद शहर के मच्छका इलाके के पास नाव हादसे में मरने वालों की संख्या 26 हो गई है। एक शादी समारोह के 75 लोगों को ले जा रही एक ओवरलोड नाव के पलट जाने से सिंधु नदी से 23 शव निकाले गए थे। घटना उस समय हुई, जब नाव शादी के मेहमानों को मच्छका के हुसैन बख्श सोलंगी गांव ले जा रही थी। 23 और लापता लोगों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने से यह दुर्घटना घटी है। नाव में महिलाएं और बच्चे भी सवार थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस दुर्घटना पर दुख और संवेदना व्यक्त की है। दुर्घटना की जैसे ही सूचना जिला प्रशासन के अधिकारियों को मिली उन्होंने अधिकारियों और पुलिस को घटनास्थल की ओर भेजा और बचाव अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों में से कुछ की पहचान की गयी है, जिनमें शबाना (18), हमीदान (22), अल्लाह दानी (14) शामिल हैं, जबकि बचाए गए लोगों में मुहम्मद अकरम, मुहम्मद रमजान, लुकमान और मुहम्मद अमीन शामिल हैं।

### सिद्धू मूसेवाला के पिता को मिली पाक से धमकी, कुछ महीनों के लिए छोड़ दिया गांव

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** गायक सिद्धू मूसेवाला की मौत को करीब दो महीने हो चुके हैं लेकिन उनके चाहने वाले अभी भी मनसा जिले के मूसा गांव स्थित उनके घर पर उनके माता-पिता से मिलने जाते हैं। साथ ही मूसेवाला को श्रद्धांजलि देने के लिए भी उनके प्रशंसक वहां पहुंचते हैं। इसी बीच सिद्धू मूसेवाला के परिवार की तरफ से कहा गया कि उनसे मिलने वाले लोग अभी ना आएं क्योंकि वे बाहर गए हैं। लेकिन जानकारी यह सामने आ रही है कि सिद्धू मूसेवाला के पिता को पाकिस्तान से धमकी मिली है इसलिए कुछ महीनों के लिए उन्होंने गांव छोड़ दिया है।

### गैंगस्टरों व नशा तस्करों पर दबदबा कायम करने में जुट गई पुलिस

**जालंधर (आरएनएस)।** पंजाब पुलिस अपने नए डी.जी.पी. गौरव यादव के नेतृत्व में गैंगस्टरों व नशा तस्करों पर दबदबा कायम करने में जुट गई है और आज पंजाब पुलिस की गैंगस्टरों व शूटरों के साथ हुई मुठभेड़ ने पुलिस की पुरानी यादों को ताजा कर दिया है जो पूर्व डी.जी.पी. स्वर्गीय के.पी.एस. गिल के समय में हुआ करती थी। गौरव यादव द्वारा डी.जी.पी. बनने के बाद से जिस तरह से पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को फील्ड में उतारा गया है उससे उनका मनोबल ऊंचा हुआ है और आज जिस तरह से पंजाब पुलिस ने शूटरों को मार गिराया है उससे पंजाब पुलिस की सोशल मीडिया पर काफी सराहना हो रही है।

## फिरोजाबाद में रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा...

# डंपर की टक्कर से महिला की मौत- दुर्घटना में फटे पेट से बच्ची ने लिया जन्म

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जहां गर्भवती अपने पति के साथ बाइक में जा रही एक गर्भवती को डंपर ने कुचल दिया और उसकी मौत गई। इसे भगवान का ही करिश्मा कहेंगे कि इस हादसे में उसकी कोख में पल रहा बच्चा पेट फट जाने के कारण दूर गिर गया और वह बच गया। बताया जा रहा है कि बच्चा सुरक्षित है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है, जबकि दुखद ये है कि इस हादसे में उसकी मां का निधन हो गया।

जानकारी के मुताबिक आगरा के धनौली गांव की रहने वाली कामिनी अपने पति रामू के साथ बाइक से अपने मायके आ रही थी और वह आठ महीने की गर्भवती थी। महिला का नगला मुरली कोटला में मायका है और बड्डी के पास रामू की बाइक की टक्कर दूसरी बाइक से हुई तो कामिनी बाइक से सडक़ पर गिर गई। तभी अचानक सामने से आ रहे बालू से भरे डंपर ने उसे कुचल दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई और उसका पेट फट गया, जबकि गर्भ में पल रही नवजात बच्ची बाहर निकलकर दूर जा गिरी, लेकिन उसकी जान बच गई। कस्बे में भीषण हादसे को देखकर लोगों की रूह कांप उठी और बच्चे को सुरक्षित देख लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इसकी जानकारी परिजन को दी। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जबकि मां कामिनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के परिजनों का कहना है कि कामिनी की शादी दो साल पहले हुई थी।

# चिड़िया के बराबर का स्पेशल ड्रोन भारत में तैयार

**❑ अब मिलेगा दुश्मनों को करारा जवाब**



**कानपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर आईआईटी एयरोस्पेस विभाग के छात्र ने एक नैनो ड्रोन तैयार किया है, जो बेहद छोटा है और गौरैया चिड़िया के बराबर है जिसका वजन मात्र 232 ग्राम है। खासकर इसे रक्षाबलों की टोही क्षमताओं को बढ़ाने की लिए बनाया गया है। इससे भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान की चिंता बढ़ सकती है, क्योंकि ये ड्रोन चुपके से किसी भी सीमा के अंदर प्रवेश करके दुश्मनों के मंसूबे की जानकारी अपने कैमरे में कैद कर सकता है। हिंदी फिल्म 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' में गरुड़ ड्रोन को दिखाया गया है, जो आतंकियों पर नजर रखता है। कुछ इसी तरह के प्रयोग के लिए इस ड्रोन को तैयार किया गया है, लेकिन यह बेहद उपयोगी और छोटा है। कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग कर रहे छात्र बसंत ने इस ड्रोन को तैयार किया है, जिसमें कई अलग खूबियां हैं। खासकर यह अपने आकार में छोटा होने के कारण दुश्मनों के तकनीकी रडार में नहीं दिखाई देगा। इसके साथ नैनो ड्रोन 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। खासकर यह दुश्मनों को दिखाई भी नहीं देगा।

इसकी ये भी खूबी है कि 35 मीटर की दूरी पर जाते ही यह धुंधला दिखाई देता है और 50 मीटर के बाद बिल्कुल दिखाई देना बंद हो जाता है। खास बात यह भी है कि इसमें बेहद कम आवाज है। नैनो ड्रोन एक बार चार्ज करने पर 30 मिनट तक उड़ सकता है और 2 किलोमीटर तक उड़ान भरकर तकरीबन 4 किलोमीटर की परिधि वाली सभी गतिविधियों को अपने कैमरे में कैद करेगा, जो हमारे देश की सीमा पर सुरक्षा तकनीकी के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

कानपुर आईआईटी इंजीनियरिंग के छात्र बसंत ने बताया कि इसकी बॉडी पक्षियों की तरह बनाने का काम भी चल रहा है। सैन्य बलों के सामने इसका ट्रायल किया गया, जो काफी हद तक सफल रहा है। कुछ ट्रायल अभी होने बाकी हैं और इस नैनो ड्रोन की कीमत एक लाख तक होगी और खासकर इस ड्रोन को दुश्मनों की रडार की रोशनी से बचता है।

# सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ पूरी, 25 जुलाई को फिर से बुलाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सोनिया गांधी से 21 जुलाई को दो घंटे से कम की पूछताछ के बाद इंटेरोगेशन का पहला दिन पूरा हो गया है। स्वास्थ्य कारणों के चलते उनसे आज दोबारा पूछताछ नहीं की जाएगी। बताया जा रहा है कि 25 जुलाई को उनसे दोबारा पूछताछ हो सकती है। फिलहाल ईडी ने कोई नया समन जारी नहीं किया है। उधर, पूछताछ के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सडक़ पर उग्र प्रदर्शन किया। मल्लिकार्जुन खडग़े, शशि थरूर सहित कांग्रेस के 75 सांसदों को पुलिस ने हिरासत में लिया।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ के लिए सुबह के वक्त ईडी के दफ्तर पहुंची थी। उनके साथ उनकी बेटी और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी पहुंची थी। सोनिया गांधी अपने साथ दवाएं लेकर गई थीं। पूछताछ के दौरान प्रियंका और सोनिया गांधी एक ही कमरे में मौजूद थीं।



**मोनिका शर्मा के पास पूछताछ की कमान-** सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी से पूछताछ की कमान महिला अफसर मोनिका शर्मा को सौंपी गई है। वह ईडी में अडिशनल डायरेक्टर के पद पर हैं। 75 वर्षीय सोनिया गांधी के स्वास्थ्य को देखते हुए दफ्तर में एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई थी। सोनिया गांधी के स्वास्थ्य कारणों के चलते प्रियंका गांधी को भी दफ्तर में रहने की इजाजत दी गई थी।

**सोनिया गांधी की रिक्वेस्ट पर मानी ईडी-** ईडी सूत्रों का कहना है कि करीब दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी के अधिकारियों ने सोनिया गांधी से कहा कि क्या वे थोड़ा ब्रेक लेना चाहती हैं। जवाब में सोनिया गांधी ने कहा कि हां वो लंच करना चाहती हैं। फिर सोनिया गांधी की तरफ से कहा गया कि क्या आज की पूछताछ जल्दी पूरी की जा सकती है। इस पर ईडी के अधिकारी मान गए। हालांकि ईडी के अधिकारियों ने सोनिया गांधी से कहा कि उन्हें 25 जुलाई को फिर से बुलाया जा सकता है। इसके बाद सोनिया गांधी प्रियंका के साथ ईडी दफ्तर से अपने घर के लिए रवाना हो गई।

**ट्रेनें रोकी, सडक़ पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन-** नेशनल हेराल्ड केस में ईडी द्वारा सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सडक़ पर उग्र प्रदर्शन किया। मल्लिकार्जुन खडग़े, शशि थरूर सहित कांग्रेस के 75 सांसदों को पुलिस ने हिरासत में लिया। कांग्रेस के 6 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने शिवाजी ब्रिज में तीन ट्रेनें रोकी।

**एक ही परिवार को निशाना बनाना गलत-** कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि एक ही परिवार के दो सदस्यों को बार-बार तलब करना गलत है, वह भी एक ही मामले में। जहां तक लोगों की गिरफ्तारी का सवाल है, ऐसा नहीं है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति को बाधित किया है। इसके अलावा, हमें आंदोलन करने का अधिकार है।

**गांधी परिवार बेदाग तो चिंता क्यों: भाजपा-** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी जांच पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर गांधी परिवार बेदाग है, तो चिंतित क्यों है? अगर उन्होंने भ्रष्टाचार नहीं किया है तो यह हंगामा क्यों। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों की जांच करना जांच एजेंसियों का कर्तव्य है।

# ज्ञानव्यापी केस : जिला अदालत के फैसले का इंतजार करेगा सुप्रीम कोर्ट, अक्टूबर तक टली सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बनारस के काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में आज पूजा के अधिकार को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह वाराणसी की जिला कोर्ट में जाएं, हमने मामला वहां ट्रांसफर कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को शिवलिंग की पूजा की इजाजत देने और उसकी कार्बन डेटिंग की मांग को भी सुनने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के संबंध में एक मुकदमे की सुनवाई के लिए मुकदमे की मेंटेनिबिलिटी पर जिला अदालत के फैसले का इंतजार करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा के साथ ही न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद वाराणसी की समिति की याचिका पर सुनवाई अक्टूबर तक टाल दी। पीठ ने कहा कि परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति पर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को खुला छोड़ दिया जाएगा।

याचिकाकर्ता राजेश मणि त्रिपाठी ने शिवलिंग की पूजा की अनुमति मांगी थी। उनके वकील ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि हम पूजा की अनुमति मांग रहे हैं। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, और जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस नरसिम्हा की पीठ ने की। जस्टिस चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमारे पिछले आदेश के बाद अभी वाराणसी जिला जज की कोर्ट में मेंटेनिबिलिटी पर सुनवाई जारी है। उसी के आदेश पर आगे की कार्रवाई निर्भर करेगी।

# यूपी-बिहार में लंबे इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यूपी-बिहार में लंबे इंतजार के बाद जमकर बारिश हुई। हालांकि यूपी में बारिश की बूंदों के साथ आकाशीय बिजली कुछ लोगों पर काल बनकर टूटी। इसकी वजह से यूपी में अलग-अलग स्थानों पर 12 लोगों की मौत हो गई। दूसरी तरफ पानी की फुहारें जब खेतों पर पड़ीं तो किसानों के चेहरे चमक उठे। अगले चार-पांच दिन मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है। मानसून पूरी लय में रहेगा।



मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश के ऊपर पिछले कुछ दिनों से निम्न हवा के दबाव का क्षेत्र तैयार हो रहा था। इसका असर मंगलवार की रात से लखनऊ समेत प्रदेश के कई इलाकों में दिखाई देने लगा था। रात से ही कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। सुबह होते-होते पूरे प्रदेश के ऊपर बादलों ने डेरा जमा लिया था जो दोपहर होते ही ये बरस पड़े।

राजधानी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक सुबह 8. 30 से लेकर शाम सात बजे तक पूरे उत्तर प्रदेश खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश हुई। सबसे अधिक बारिस उरई में दर्ज की गई। वहां 62 मिलीमीटर पानी बरसा।

**राजस्थान : भारी बारिश की संभावना-** मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटे भी कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार बुधवार सुबह 8.30 बजे तक के 24 घंटे में माउंट आबू तहसील में 150 मिलीमीटर मिमी, पुष्कर में 100 मिमी, कोटड़ा और धंबोला में 90 मिमी, सरवर और उदयपुरवाटी में 80 मिमी और खेतड़ी में 70 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**बिहार : दो दिन ओलावृष्टि की चेतावनी-** बिहार में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। बुधवार को 14 जिलों में राहत की बारिश हुई। रिमझिम फुहारों के साथ सावन का रंग दिखने लगा है। बारिश से खेती-किसानी में लगे लोगों की उम्मीद बंधी है। मौसम विभाग की ओर से अगले दो दिनों तक राज्यभर में वज्रपात और मेघ गर्जन का अलर्ट जारी किया गया है। 10 जिलों में अगले 24 से 36 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी है। गुरुवार दोपहर तक पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सुपौल, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग खोला गया-** भारी बारिश के कारण रामबन जिले में कई स्थानों पर मिट्टी धंसने की वजह से बंद किए गए जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बुधवार को फिर से खोल दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मार्ग पर अवरोध की वजह से कई वाहन वहां फंस गए थे। रामबन के पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार सेन ने बताया कि बुधवार को तडक़े भारी बारिश के कारण कई इलाकों में मिट्टी धंस गई और पत्थर भी गिरे।

**अचानक आई बाढ़ में 13 घर बह गए-** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को बादल फटने से इलाके में अचानक बाढ़ आ गई। इसमें एक स्कूल की इमारत समेत 13 घर बह गए और कम से कम 20 इमारत क्षतिग्रस्त हुए हैं। उपायुक्त विकास शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल कयूम और ठाठरी के उप मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) अतहर अमीन जऱगर समेत जिले के शीर्ष अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया।

**उत्तराखंड : तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट-** मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में राज्य में कहीं कहीं भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 24 जुलाई को कहीं कहीं भारी बारिश का यलो अलर्ट रहेगा। उसके बाद बारिश में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल व पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट रखा गया है। मौसम विभाग ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में हल्का से मध्यम भूस्खलन, चट्टान गिरने के कारण कहीं कहीं सडक़ों व राजमार्गों में अवरोध कटाव हो सकता है।